मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

की

95वीं बोर्ड बैठक

दिनांक 06.06.2011

का

कार्यवृत्त

मेरठ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 95वीं बैठक दिनांक 06.06.2011 का कार्यवृत्त।

मेरठ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 95वीं बैठक आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ के कैम्प कार्यालय में आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ/अध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ की अध्यक्षता में दिनांक 06.06.2011 को सांयकाल में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम उपाध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा अध्यक्ष महोदय तथा सभी उपस्थित मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष एवं निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः—

1	श्री जे0सी0 आदर्श	उपाध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।	उपाध्यक्ष
2.	डा0 राममनोहर मिश्र	प्रभारी नगर आयुक्त, मेरठ	सदस्य
3.	डा0 विनोद कुमार	अपर निदेशक उद्योग, जिला उद्योग, मेरठ।	सदस्य
4.	श्री वसी मोहम्मद	संयुक्त निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ, प्रतिनिधि–विशेष सचिव वित्त (व्यय–नियन्त्रक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ	सदस्य
5.	श्री ए0के0त्यागी	चीफ कोर्डिनेटर प्लानर, एन. सी0आर0, प्रतिनिधि–आयुक्त, एन. सी.आर. गाजियाबाद	सदस्य
6.	श्री किशन सिंह	अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, मेरठ।	सदस्य
7.	श्री पी0के0आसूदानी	अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम, मेरठ।	सदस्य
8	श्री उमेश मित्तल	अधीक्षण अभियन्ता, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, मेरठ।	सदस्य
9.	श्री अनुराग पटेल	सचिव, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।	संयोजक

प्राधिकरण की 94वीं बोर्ड बैठक दिनांक 11.04.2011 के कार्यवृत्त की पुष्टि–

प्राधिकरण की 94वीं बोर्ड बैठक दिनांक 11.04.2011 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

मा0 बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि 94वीं बोर्ड बैठक एवं उससे पूर्व बैठकों की अनुपालन आख्या आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत की जाये।

मद सख्या :01

शताब्दी नगर योजना के अन्तर्गत सेक्टर– 9, 10 व 11 के तलपट मानचित्रों के अनुमोदन के संबंध में।

शताब्दी नगर आवासीय योजना के सेक्टर 9, 10 व 11 के तलपट माननित्रों का जोनल प्लान बनाते समय उसमें सेक्टर प्लान को समाहित करने के साथ सेक्टर–09 में 24 मी0 चौड़ी सड़क के साथ आबादी के पास प्रस्तावित कान्विनेन्ट शाप्स के आंशिक भाग पर नर्सरी स्कूल एवं सामुदायिक सुविधा के स्थान पर हाई स्कूल हेतु संशोधन प्रस्तावित करते हुये उक्त तलपट मानचित्रों को अनुमोदित किया गया। तलपट मानचित्रों की प्रतियॉ प्रभागीय वनाधिकारी, मेरठ को भी भेज दी जायें।

अध्यक्ष महोदय एवं अन्य मा0 सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक का समापन किया गया।

07.6.2011

(जे0सी0आदर्श)
उपाध्यक्ष,
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ।

(अनुराग पटेल)
सचिव,
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ।

08.06.11

(भुवनेश कुमार)
अध्यक्ष,
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ।